# युवक को पीटने वाले गुंडे पहुंचे जेल

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 नवंबर. शहर के सबसे पॉश इलाके चार इमली में एक युवक को बुरी तरह से पीटते हुए बेसुध करने वाले गुंडों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया. हबीबगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी 6 गुंडों का जुलूस निकाला.**




बदमाशों ने 5 नंबर दुर्गा पेट्रोल पंप के सामने युवक पर डंडे बरसाए थे, जिससे वह सड़क पर ही बेहोश हो गया था. देर रात को सड़क पर वाहनों का आवागमन बना होता है. थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि युवक रिंकू सिंह के साथ मारपीट करने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है. बदमाशों को कोर्ट में पेश करते हुए, जेल भेज दिया गया है. बदमाशों ने रविवार की रात क्षेत्र में उत्पात मचाते हुए सड़क पर रिंकू सिंह नाम के युवक को बुरी तरह से पीटा था, जिससे रिंकू बेसुधी की हालत में चला गया था.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ऋषि नगर निवासी पीडित रिंकू सिंह बतौर वाहन चालक के तौर पर काम करता है. कुछ दिन पहले इलाके में रहने वाले आरोपी लखन और अजय के साथ उसका विवाद हो गया था. मामला थाने में चल रहा था, जिसका राजनामा कराने के बहाने बदमाशों ने देर रात को रिंकू को बुलाया था. इस दौरान दोनों आरोपियों ने अपने कुछ और साथियों को भी घटना स्थल पर बुलाया था. बात करते हुए बदमाशों ने रिंकू पर केस वापस लेने का दबाव बनाया, जिस पर रिंकू ने मना कर दिया. रिंकू से नाराज बदमाशों ने इस दौरान साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और सड़क पर ही तमाशा कर दिया. स घटना का वीडियो भी राहगीरों ने बना कर वायरल कर दिया. मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.



## गाड़ियों में तोड़फोड़ करने वाले गिरफ्तार

**भोपाल.** गाड़ियों में तोड़फोड़ और रंगदारी करने वाले चार आरोपियों को गौतम नगर पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया. आरोपियों का क्षेत्र में जुलूस निकालते हुए पुलिस ने अपराध न करने का नारे भी लगवाए. कोर्ट में चारों आरोपियों को पेश करते हुए, रिमांड पर लिया गया. गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक रविवार फरियादी चन्दन इन्दौरिया (43) ने रिपोर्ट लिखवाई. फरियादी ने बताया कि उस रात को लगभग एक बजे फरियादी के घर के सामने खडी कई गाडियों के कांच तोड दिये गये. घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की.

# 10 रेलकर्मी संरक्षा पुरस्कार से हुए सम्मानित



**भोपाल,24 नवंबर. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने भोपाल मंडल के 10 रेलकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता, सूझ-बूझ और त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाओं को टालने पर संरक्षा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया.**

यह सम्मान अक्टूबर एवं नवंबर माह में दर्ज असामान्य घटनाओं की रोकथाम के लिए दिया गया. इस अवसर पर डीआरएम त्यागी ने सभी सम्मानित कर्मचारियों के समर्पण और कार्यकुशलता की सराहना की. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा कि यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कर्मचारियों को इसके लिए सतत प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शंकर गौतम, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर रामेंद्र पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### संरक्षा पुरस्कार पाने वाले कर्मचारी

लोकेश कुमार (उप स्टेशन प्रबंधक पीलीघटा), रमाकांत गुप्ता, संतोष कुमार, भूषण भंगाले, ओम प्रकाश मीना (गुड्स ट्रेन मैनेजर बीना), अनुज खरे (गुड्स ट्रेन मैनेजर बीना), विनोद कुमार (प्वाइंट्समैन पीलीघटा), राजकुमार मीना (प्वाइंट्समैन पीलीघटा), पुष्पेंद्र सिंह व धर्मेंद्र सिंह (ट्रैकमैन, इटायाकलां) शामिल हैं. इन कर्मचारियों ने ब्रेक बाइंडिंग, हॉट एक्सल, व्हील जाम, वैगन खराबी, एक्सल स्प्रिंग में आग, असामान्य आवाज और ट्रैक क्रैक जैसी गंभीर स्थितियों को समय रहते पहचानकर तत्काल कार्रवाई की. उनकी सतर्कता से न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि रेलवे संपत्ति को भी संभावित क्षति से बचाया जा सका.

## शहर में उत्पाद मचाने वाले बदमाशों की निकाली परेड


**भोपाल.** अशोका गार्डेन, टीला जमालपुरा थाना पुलिस सहित थानों की पुलिस ने सोमवार को बदमाशों की परेड निकाली. शहर में अपराधों की रोक थाम के लिए पुलिस विभाग ने कड़ी कार्रवाई कर रहा है. भोपाल शहर के अंदर ही आए दिन बदमाशों का हुड़दंग देखने को मिल रहा है. इसके चलते अलग-अलग थाना पुलिस अब नामी हिस्ट्रीशीटरों की परेड़ करवाने में जुटी है. मिली जानकारी के मुताबिक भोपाल में थाना स्तर पर बदमाशों की परेड निकाली जा रही है. लगातार बढ़ती हुई घटनाओं को रोकने का प्रयास पुलिस कर रही है. इसके लिए हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को पुलिस ने थाने में तलब किया जा रहा है.

# एजेएकेएस प्रमुख के बयान की निंदा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 24 नवंबर. सोमवार को जारी एक कड़े शब्दों वाले प्रेस बयान में मंत्रालय अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने एजेएकेएस संगठन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कथित रूप से दिए गए अत्यंत आपत्तिजनक बयान की कड़ी आलोचना की।**

नायक ने बताया कि यह टिप्पणी रविवार को तुलसी नगर स्थित अंबेडकर मैदान में आयोजित एजेएकेएस के प्रांतीय अधिवेशन के दौरान की गई। उनके अनुसार, वर्मा ने कहा कि जब तक कोई ब्राह्मण अपनी बेटी उनके बेटे को न दे दे या उससे



संबंध न बना ले, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। नायक ने इस बयान को घोर आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह पूरे सवर्ण समुदाय का अपमान है और एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के लिए इस प्रकार की टिप्पणी बिल्कुल अनुचित है। उन्होंने कहा कि विवाह एक नितांत व्यक्तिगत और निजी निर्णय है।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल.** आज जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी संजीव झा जी को एस.ए.आर. प्रक्रिया में आ रही जटिलताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि एस.ए.आर. प्रक्रिया के दौरान आमजन को फॉर्म भरने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सरकारी क्र्स्हृ्य द्वारा जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी सहायता सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, विधायक आरिफ मसूद, जेपी धनोपिया आदि मौजूद रहे.

## लव जिहाद के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**भोपाल.** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में लव जिहाद के आरोपी के खिलाफ मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है. हिन्दू धर्म की लड़की के साथ ही चैट्स का हवाला हिन्दू संगठन की ओर से पुलिस को दिया गया. पुलिस ने मामले में पीड़िता का बयान भी दर्ज कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार भानपुर क्षेत्र में रहने वाली एक लड़की से मिलने के लिए ईंटखेड़ी का रहने वाला शानू खान नाम का युवक पहुंचा. आरोपी के बारे में जानकारी मिलने पर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उससे पूछताछ की. शानू से लड़की से दोस्ती का कारण पूछते हुए उसका व्हाट्सअप चेक किया गया.

# ग्राम पंचायतों की अवैध कॉलोनियों पर लगे रोक

**कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री विजयवर्गीय की नसीहत**

**ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का इंटीग्रेटेड प्लान करेंगे तैयार**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 नवंबर. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के सुनियोजित विकास के लिये शहरी क्षेत्र से जुड़ी ग्राम पंचायतों के विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.**

ग्राम पंचायतों की अवैध कॉलोनियां जनता के लिये समस्या बन जाती हैं. इन पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए. मंत्री विजयवर्गीय सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पंचायत प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने पंचायत पदाधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति सजग रहने की बात कही. उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की जानकरी दी. सत्र में शहरी क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने सुझाव रखे.



विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 को लेकर विकसित भारत की कल्पना की है. हम उनकी कल्पना को प्रदेश में तभी सकार कर सकेंगे जब हम ग्रामीण और शहरी क्षेत्र का इंटीग्रेटेडप्लान तैयार करेंगे. मंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी शहरों के साथ ही इनके आसपास की ग्राम पंचायतों को भी प्रभावित करती है. उन्होंने बताया कि एक अनुमान के अनुसार प्रदेश में 32 प्रतिशत शहरी आबादी है, जो आने वाले समय में बढ़ कर करीब 50 प्रतिशत तक हो जाएगी.

### निजी भागीदारी को करें प्रोत्साहित

शहरी क्षेत्र से जुड़ी नगरीय निकायों में विकास कार्यों में प्रायवेट-पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल को प्रोत्साहित किया जाये. इस प्रक्रिया में हम सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जा सकता है. उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों को ग्राम पंचायत में स्वच्छ वातावरण के लिये ग्राम और शहर वन को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई. बैठक में आश्रय निधि के उपयोग किये जाने पर भी जोर दिया गया. कार्यक्रम में बेहतर मास्टर प्लान के साथ आदर्श गांव के विकास के मॉडल की प्रस्तुति दी गई

## खड़ी कारों में बदमाश ने लगाई आग

**भोपाल.** खजूरी थाना क्षेत्र में एक कॉलोनी में खड़ी दो कारों को बदमाश ने निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. कार मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, बदमाश की तलाश शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार बैरागढ़ कला स्थित महाकाल कॉलोनी में देर रात अज्ञात बदमाशों ने दो कारों में आग लगा दी. वीडियो फुटेज में बदमाशों की करतूत भी देखी जा रही है. एक बदमाश अपने हाथ में ज्वलनशील पदार्थ ले जाकर कार में छिडकाव कर आग लगा दी.

# 5 दिसंबर को होगी दक्षता परीक्षा

**भोपाल 24 नवंबर.** मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा लाइन परिचारक (नियमित) के पदों को भरने के लिए प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु सूचना जारी कर दी गई है। कंपनी द्वारा लाइन परिचारक (नियमित) के पदों की पूर्ति हेतु प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित 35 आवेदकों की सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचना जारी की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी द्वारा प्रथम प्रतीक्षा सूची में प्रावधिक रूप से चयनित लाइन परिचारक के 35 आवेदकों को 05 दिसंबर 2025 को दस्तावेज सत्यापन के साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए व्यक्तिगत सूचना जारी की गई है। कंपनी द्वारा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में 05 दिसंबर 2025 को किया जाएगा।

# स्कूल के बच्चों को किया जागरूक

**भोपाल, 24 नवंबर. ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनसंवाद कार्यक्रम सोमवार को ऋषि कॉन्वेंट स्कूल बागमुगलिया में आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा, सायबर जागरुकता एवं आत्मरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना रहा. भोपाल पुलिस कमिश्नरेट की सामुदायिक पुलिस शाखा द्वारा संगिनी संस्था के सहयोग से जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर एडीपीओ मनीषा पटेल, निरीक्षक किरण पेंड्रो (एसजेपीयू प्रभारी), सूबेदार ऋतुराज वारिवा (पुलिस लाइन) तथा उपनिरीक्षक मोनिका मीणा (पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय) उपस्थित रहे।

लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के दौरान सूबेदार ऋतुराज वारिवा ने बच्चों को सृजन अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की. उन्होंने छात्रों को विभिन्न सेल्फ-डिफेंस तकनीकें, स्वयं की सुरक्षा उपाय और किसी संकट की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया कैसे दें, यह समझाया.

# खोए फोन पाकर कई लोगों के चेहरे खिले

**भोपाल, 24 नवंबर. सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने गुम हुए फोन की तलाश पूरी करते हुए उनके मालिकों को सौंपा.**

सोमवार को पुलिस उपायुक्त जोन-2 के सभी थाना क्षेत्रों में गुम हुए 276 मोबाइल फोन बरामद किए गए. पुलिस को मिले फोनों की कुल कीमत करीब 55 लाख रुपये आंकी गई है. क्षेत्र के सभी थानों के अलग-अलग स्थानों पर गुम हुए मोबाइलों के आवेदकों, शिकायतकर्ता ने थाने पर मोबाइल गुमने,चोरी होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस साइबर के पोर्टल सीईआईआर पोर्टल पर सर्चिंग के लिए डाला गया. सर्चिंग दौरान जोन-2 के समस्त थानो की साइबर टीम के द्वारा गुम हुए मोबाइलों के पोर्टल में प्राप्त लोकेशन के आधार पर जानकारी प्राप्त कर नंबरों को ट्रैक किया गया.


## GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
### PUBLIC WORKS (NORTH) DIVISION NASHIK
### E-TENDER NOTICE NO 20 FOR 2025-26 [ONLINE]

Online E Tenders in **"B-2"** form for the works included in detail tender notice are invited by Executive Engineer, P. W. (North) Division, Nashik Untwadi road Nashik Tal. and Dist. Nashik Phone No 0253-2576249 for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Capable of P.W.Deptt. Registered Unregistered Contractor or International Contractor whose sub company/ branch in India and also complete terms and conditions mention in tender documents

Right of Rejection of E-Tender/Cancellation of E-Tenders reserved by the Executive Engmeer, P. W (North) Division Nashik. Conditional Tender will not be accepted

E Tender Notice in-cluding T**otal 03 (Three)** work cost below Rs. 20.00 (Twenty) Crore. Details of mentioned E_Tender Notice available on below websites

1) https://mahatenders.gov.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| Tender Document Sale Start and End Date Time | 25/11/2025 From 11:00 Hrs | to | 02/12/2025 Up to 17:00 Hrs |
| Pre Bid Meeting | Pre bid as on 28/11/2025 office of the Chief Engineer P.W. Region, Nashik al 12.00 pm. | | |
| Hard Copy Submission | After Bid Submission on E-Portal (Afler Bid Lock) one sci of Bid Document (Technical and Financial Bid) Hard Copy submitted in the office of the Executive Engineer, PW (North) Division, Nashik for the above Work as on 03/12/2025 at 17.05 hrs. (Not Mandatory) | | |
| Date, Time and Venue of Opening of Technical and Financial Bid (Envelope No.1 and 2) | On 03/12/2025 Time 17:05 hours (If Possible) for above work in The Office of the Superintending Engineer, P. W Circle, Nashik | | |

**Note:-**

1. E-Tender Fee (non refundable) and Earnest Money will be accepted online only
2. All eligible/ interested Contractors are required to be enrolled on portalhttps://mahatenders.gov in before down loading tender documents and participate in e-tendering
3. Post Qualification Criteria is applicable for all works
4. Correspondence to the contractor regarding the said work tender shall be addressed to the address mentioned in his registration letter and this office shall not be responsible for any postal delay
5. The Above format is taken from Govt. G.R. of G.A.D. No.- मावज-2018/ प्र.क्र. 348/34 Dt-20/12/2018 Para No.-4.6.2 in page No. 10 of 25
6. **1. www.mahapwd.gov.in**
   **2. https://mahatenders.gov.in**

(Any changes to this Tender Notice, informed on the above website)

**Executive Engineer**
**P.W. (North) Division, Nashik]**



**निशाना** दुष्कर्म मामले पर कांग्रेस का सरकार पर हमला, कांग्रेस समिति के अध्यक्ष पटवारी ने कहा

# गौहरगंज में हुई घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल,24 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रायसेन जिले में छह वर्षीय बच्ची से हुए भयावह दुष्कर्म पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है. उन्होंने इस घटना को सिर्फ एक बच्ची के खिलाफ अपराध नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल बताया.**

पटवारी ने कहा कि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के गौहरगंज में हुई यह घटना पूरे प्रदेश को झकझोर देने वाली है, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है. यह स्थिति मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रशासनिक तंत्र की भारी नाकामी और कानून-व्यवस्था की डरावनी हकीकत को उजागर करती है.



अपराध के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश आज महिलाओं और बच्चियों पर अत्याचारों का हॉटस्पॉट बन चुका है. प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 22 दुष्कर्म दर्ज होते हैं, जिनमें लगभग सात मामले नाबालिगों से जुड़े होते हैं. यहां तक कि पांच वर्ष से कम आयु की बच्चियाँ भी ऐसे जघन्य अपराधों का शिकार हो रही हैं. यह स्थिति बेहद शर्मनाक है, जबकि सरकार मौन दर्शक बनी हुई है.

उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, कठोरतम धाराओं में प्रकरण दर्ज करने और फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग की. साथ ही पीड़िता के परिवार को आर्थिक सहायता, उचित इलाज और सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी बात कही. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर अपनी उदासीनता नहीं छोड़ती, तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर प्रदेशभर में व्यापक जन आंदोलन छेड़ेगी.

> पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कानून का भय समाप्त हो चुका है क्योंकि प्रशासन ईमानदारी और गंभीरता से काम नहीं कर रहा. मुख्यमंत्री स्वयं विधि विभाग का प्रभार संभाले हुए हैं, फिर भी न्याय और जनता की सुरक्षा अंतिम सांसें लेती हुई दिखाई दे रही है. उन्होंने कहा कि यदि दुष्कर्म के आरोपी को तीन दिनों में गिरफ्तार नहीं किया जाता, तो यह पुलिस तंत्र की स्पष्ट विफलता और सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है. इसका परिणाम विभिन्न स्थानों पर सड़क जाम, विरोध प्रदर्शनों और बढ़ते जनाक्रोश के रूप में दिखाई दे रहा है. लेकिन सरकार मानो गहरी नींद में है, उन्होंने कहा. महिला सुरक्षा के मुद्दे पर मोहन यादव सरकार को गैर-जिम्मेदार, नाकाम और शर्मनाक बताते हुए पटवारी ने कहा कि मासूम बच्चियों की चीखें और परिवारों का दर्द भी सत्ता में बैठे लोगों को विचलित नहीं कर पा रहा है.